कार्यालय, नगर परिषद मनेर, पटना

Email ID- npmaner @gmail.Com

विज्ञापन सूचना संख्या–03/2024–25

स्वच्छता साथी के चयन हेतु विज्ञापन

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 4081 दिनांक–26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपष्टि प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा–निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

स्वच्छता साथी के चयन प्रक्रिया की आवश्यक शर्तें :–

1. स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है, परन्तु लोकल व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. अभ्यर्थी की उम्र 40 वर्ष से अधिक ना हो।
3. अभ्यर्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।
4. अभ्यर्थी की आवाज साफ हो, ताकि वे अच्छे से Communicate कर सके।
5. अभ्यर्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यों में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
6. अभ्यर्थी के रूप में Waste Picker, Citizen Leader, SHG Member, Swachhagarhi, Sanitation Worker, Brand Ambassadors, NULM, ASHA, Anganwadi Worker, NGOs Youth, Community Based Organizations एवं RWAs से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।
7. नगर परिषद स्तर पर कुल पद की संख्या– 10 स्वच्छता साथी।

स्वच्छता साथी का कार्य संबंधी विवरणी :–

1. कार्य अवधि पांच घंटे प्रतिदिन न्युनतम होगी।
2. प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जाएगी।
3. छुट्टी हेतु परिषद की प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।
4. मानदेय प्रत्येक माह के एक से पांच तारीख तक देय होगा।
5. प्रतिदिन रू0 300.00 के दर से प्रतिमाह 20 दिन का मानेदय 300x20=6000.00 रू0 मानदेय के रूप में देय होगा।
6. स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए Hire किया जाएगा, जिसकी अवधि अक्टूबर 2026 तक बढ़ाई जा सकती है।
7. प्रत्येक स्वच्छता साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 दिनों के लिए Engage किया जाएगा।
8. 200 कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा, जो वर्ष के किसी भी 10 माह (स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए) में मान्य होगा।
9. सभी स्वच्छता साथी को Monitor करने की जिम्मेदारी सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी की होगी।
10. छुट्टी एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी देखेंगे।
11. किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जाएगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नहीं होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।
12. इस विज्ञापन के शर्तो को किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के आंशिक या पूर्णतः संशोधित करने अथवा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

नोट :–

1. यह किसी भी प्रकार से **Permanent Position** नहीं है। अतः किसी भी तरह का **Claim** मान्य नहीं होगा। स्वच्छता साथी नगर निकाय के कर्मी नहीं माने जायेगे एवं भविष्य में किसी भी प्रकार का दैनिक/संविदा/नियमित की नियुक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।
2. विशेष जानकारी नगर परिषद्, मनेर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।
3. आवेदन पत्र दिए गए प्रपत्र में नगर परिषद्, कार्यालय में 15 फरवरी 2025 तक जमा करना होगा।

20/1/25

नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, मनेर।